**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 13.02.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. सेवा तीर्थ से पहली बार निर्णय लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं, युवाओं और कृषि क्षेत्र के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए।
2. सशक्त भारत अभियान को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संतुलित विकास में नैतिकता और आध्यात्मिकता के विकास पर जोर दिया।
3. द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने छात्रों की लंबित मांगों पर शिक्षा मंत्री से मुलाकात की।
4. आकाशवाणी श्री विजयपुरम में विश्व रेडियो दिवस पर ए आई तकनीक और श्रोताओं की भागदारी को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में स्थित सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जो उनका नया कार्यालय होगा। सेवा तीर्थ से अपनी पहली बैठकों में उन्होंने पीएम राहत योजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही लखपति दीदी कार्यक्रम का लक्ष्य छह करोड़ तक बढ़ाया गया है। कृषि अवसंरचना कोष को दो लाख करोड़ रुपये किया और स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को दस हजार करोड़ रुपये की राशि के साथ मंजूरी दी गई। पीएम राहत योजना के तहत दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को डेढ़ लाख रुपये तक का नकद–मुक्त इलाज मिलेगा। प्रधानमंत्री के इन निर्णयों से पहले उन्होंने आज सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन एक तथा दो का औपचारिक उद्घाटन किया था।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए न केवल राजनीतिक स्थिरता और मजबूत अर्थव्यवस्था की अवश्यकता है, बल्कि स्वस्थ, शिक्षित और जिम्मेदार नागरिकों की भी जरूरत है। नई दिल्ली में सशक्त भारत के लिए कर्मयोग पर राष्ट्रव्यापी अभियान को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जनता की सक्रिय भागीदारी के बिना किसी भी राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करना कठिन है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक विकास समृद्धि लाता है, और तकनीकी नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है, और ये दोनों मिलकर एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं।

<><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 15 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे श्री विजयपुरम स्थित लेमन ट्री होटल में "व्यापारी एवं उद्योग संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय "केंद्रीय बजट 2026 – व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए अवसर" रखा गया है। इस संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026 के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही द्वीपों के व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, उद्यमियों तथा व्यावसायिक समुदाय पर बजट के संभावित प्रभावों और नए अवसरों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वे बजट से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर छात्रों की लंबे समय से लंबित मांगों से अवगत कराया। उन्होंने डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा रद्द करने के संबंध में छात्रों द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों को विस्तार से शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा। शिक्षा मंत्री ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि यह भारत सरकार का नीतिगत निर्णय है, जिसकी समुचित जांच की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस विषय को गृह मंत्रालय के साथ भी उठाया जाएगा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष समीक्षा और उचित विचार के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। सांसद बिष्णु पर रे ने बताया कि इस मुद्दे पर वे आज ही केंद्रीय गृह मंत्री से भी मुलाकात करेंगे, ताकि छात्रों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय की दिशा में आवश्यक पहल की जा सके।

<><><><><><>

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के आकाशवाणी श्री विजयपुरम केन्द्र में भी विश्व रेडियो दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। यह दिवस हर वर्ष 13 फरवरी को उन्नीस सौ छियालीस में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– "रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता : एआई एक उपकरण है, आवाज नहीं। कार्यक्रम में इस बात पर विचार–विमर्श किया गया कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता रेडियो प्रसारण में मानवीय आवाज़ को केंद्र में बनाए रखते हुए सामग्री निर्माण, श्रोता सहभागिता और पहुंच को मजबूत कर सकती है। यह थीम प्रसारण व्यवस्था में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका के महत्व को बताती है। एआई के माध्यम से सामग्री निर्माण,

अभिलेखीकरण, अनुवाद, श्रोताओं की भागीदारी और पहुंच को बेहतर बनाकर रेडियो को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाया जा सकता है। इसके साथ ही, थीम के माध्यम से यह भी संदेश दिया गया है कि तकनीक मात्र सहायक माध्यम है, वह मानवीय आवाज का स्थान नहीं ले सकती। संपादकीय, विवेक और विश्वसनीयता ही रेडियो की असली पहचान हैं। इस अवसर आकाशवाणी श्री विजयपुरम् के केंद्र प्रभारी उप महानिदेशक सी. सुब्बा राव ने कहा कि आकाशवाणी की यात्रा आधुनिक दौर में भी कदम से कदम मिलाकर चल रही है। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग कार्यक्रम के साथ–साथ नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर प्रोग्राम हेड मीना प्रकाश सहित आकाशवाणी के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी ने उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा कल से 17 फरवरी तक प्रथम द्वीप पक्षी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य पक्षी संरक्षण, जैव विविधता के महत्व तथा द्वीपों की समृद्ध पक्षी विरासत के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना है। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि वक्ता, प्रख्यात विशेषज्ञ, शोधकर्ता, छात्र, प्रकृति प्रेमी एवं आम नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत कल चिड़ियाटापु में उद्घाटन समारोह से होगी, जबकि 17 फरवरी को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की अवधि के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पक्षी संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा तथा जैव विविधता से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही प्रतिभागियों के लिए पक्षी अवलोकन गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

कोलकाता पीठ द्वारा केन्द्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल की बैठक पोर्ट ब्लेयर में 16 से 20 फरवरी तक बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवधि में नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों में न्यायाधिकरण से संबंधित प्रकरण लंबित हैं, उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित प्रकरणों के समस्त अभिलेखों सहित शासकीय अधिवक्ता/पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क कर उन्हें प्रकरण का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराएं। साथ ही विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने नामित नोडल अधिकारियों को सुनवाई के दिन उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के अंतर्गत श्री विजयपुरम और आस–पास के क्षेत्रों में कल सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह व्यवधान मुख्य लाइनों के रखरखाव और सुचारू

आपूर्ति सुनिश्चित करने के कारण किया जा रहा है। आगामी बोर्ड परीक्षा 2026 के दौरान बिजली आपूर्ति सामान्य और स्थिर रहेगी। निर्धारित समय अस्थायी है एवं यह मौसम की स्थिति तथा अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर, चिन्मय मिशन, पुलिस लाइन में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि उत्सव आज से शुरू हो गया है। महाशिवरात्रि 15 फरवरी को सुबह 6 बजे गणपति होमम और रुद्राभिषेक के साथ शुरू होगी।

<><><><><><><>